हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नवमी के अवसर पर अनेक स्थानों पर कन्या पूजन के साथ हुए...



07 जानकी कुंड पर प्रतिमा विसर्जन की तैयारी परखने पहुंचे कलेक्टर...



RERA- In Progress

SHRI BALAJI ECOCITY

Quality work for luxurios lifestyle

Phase - II

#Luxurious Duplex

SHREE BALAJI city PREMIUM

नन्हे कदम, नई शुरुआत, इस नवरात्रि,
अपने सपनों को दें अपना आशियाना,

SHRI BALAJI ECO CITY

Project Approved By SBI

SBI

90% लोन सुविधा उपलब्ध है

✓ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध है

✓ कृषकों के लिए भी होम लोन सुविधा

बालाजी ईकोसिटी फेज-2 - पता : वात्सल्य स्कूल के पास, हरिपुरा, सोंठिया रोड, विदिशा
बालाजी सिटी प्रीमियम - पता: सरस्वती स्कूल के सामने, दुर्गा नगर रोड, विदिशा
ऑफिस: प्रथम तल, गोपाल काम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, राजीव नगर, विदिशा

CALL US: 9993577113, 8251001111, 9827522045

Project by NARESH BUILD AND HOMES PVT.LTD.

A project by BALAJI GROUP

खबर संक्षेप

रघुवंशी समाज का शस्त्र पूजन आज

गंजबासौदा। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को शहर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परिषद की युवा इकाई जिला अध्यक्ष इंजीनियर रविंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को दोपहर 2 बजे बरेठ रोड रघुवंशी धर्मशाला में होगा। इसमें समाज के पदाधिकारी, युवा इकाई के सदस्य और समाजबंधु शामिल होकर विधि-विधान से शस्त्र पूजन करेंगे। ज्ञात हो कि परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में शस्त्र पूजन कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में यह आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से नई पीढ़ी को समाज की परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों ने लाइसेंसधारी शस्त्र धारकों से नियमानुसार अपने शस्त्र साथ लाने तथा कार्यक्रम की जानकारी अन्य समाजबंधुओं तक पहुंचाने का आग्रह किया है।

आज होगा रावण दहन

गंज बासौदा। हिंदू उत्सव समिति द्वारा 20 अक्टूबर को नवीन मेला ग्राउंड में रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पहले यह आयोजन 21 अक्टूबर को निर्धारित किया गया था परंतु पंचांग में दशहरा की 2 तिथियों के चलते झांकी संचालकों एवं नागरिकों में भ्रम उत्पन्न हो रहा था। ऐसी स्थिति में झांकियों का निकलना और विसर्जन 2 से 3 दिन तक लंबा हो सकता था। जिससे सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा सुरक्षित नहीं माना जा रहा था। जिसके चलते उच्च प्रशासनिक अधिकारियों एवं हिंदू उत्सव समिति के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दशहरा पर्व को शांति एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराया जा सके, इसके लिए निर्णय किया गया कि 20 अक्टूबर को हिंदू उत्सव समिति द्वारा रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिससे एक नियत दिन में ही अधिक से अधिक झांकियों का संचलन निकल सके और उनका सुरक्षित विसर्जन संपन्न हो सकें। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष हिंदू उत्सव समिति द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। रावण दहन के पूर्व नगर में राम बारात निकाली जाती है साथ ही नगर के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया जाऐगा। कार्यक्रम उपरांत पुरूस्कार वितरण संपन्न होगा। हिंदू उत्सव समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने दशहरा मैदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





मंगलवार को नगरीय क्षेत्र में होने वाले दशहरा पर्व के आयोजन के संबंध में एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी एवं नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से दशहरा मैदान पर रावण दहन के संबंध में की गई तैयारीयों का व्यापक रूप से निरीक्षण किया गया तथा रावण दहन के कार्यक्रम को सुरक्षित रूप से किए जाने तथा उक्त मैदान पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों इत्यादि के संबंध में वांछित करवाई पूर्ण करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया। मंगलवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दशहरा उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर नया बस स्टैंड रामलीला ग्राउण्ड में हिंदू उत्सव समिति द्वारा रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसी संबंध में एसडीएम, एसडीओपी तथा नपा सीएओ सहित पुलिस एवं नपा अमले द्वारा बेतवा नदी के गंज घाट प्रतिमा विसर्जन स्थल का जायजा लेकर व्यवस्थाओं को देखा गया।

सैंट एसआरएस स्कूल में गरबा नृत्य हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राथमिक शाला के बच्चों ने भी गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। छात्राओं ने नौ देवियों का रूप धारण किया हुआ था। जिसे देखकर लोग मंत्र मुग्ध हो गए, ऐसा लग रहा था, कि साक्षात नौ देवियां विद्यालय परिसर में उपस्थित हो गई हों। हर एक देवी की छटा देखने योग्य थी, पालकों ,शिक्षक, शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। सभी छात्र विभिन्न प्रकार की वेशभूषा में गरबा नृत्य के लिए आए थे, विद्यालय परिसर माता रानी की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कुछ शिक्षिकाएं स्वयं भी बच्चों के बीच में जाकर गरबा नृत्य करने लगीं। वहीं पालकगण ने भी तालियाँ बजाकर छात्र-छात्राओं के उत्साह को बढ़ाया। गरबा नृत्य के पश्चात छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा उपहार प्रदान किए गए।

मां दुर्गा मंदिरों में पूजन के लिए सुबह से देर रात तक उमड़ता रहा जनसैलाव

नवमी के अवसर पर अनेक स्थानों पर कन्या पूजन के साथ हुए भण्डारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सोमवार को शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन नवमी के चलते सुबह से लेकर रात्रि तक मां दुर्गा मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सर्वाधिक भीड़ नगर के शीतला शक्तिधाम मंदिर में देखी गई। मंदिर में चल रहे नवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान का समापन किया गया, कन्या भोज आयोजन के बाद पर्व का समापन हुआ।

कन्याभोज एवं प्रसादी वितरण में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया। नवदुर्गा उत्सव के चलते नगर सहित ग्रामीण अंचलों में अनेक श्रद्धालुओं द्वारा नवदुर्गा व्रत प्रारंभ के पहले दिन से ही उपासना प्रारंभ कर ज्वारे बोए थे। जिनकी नौ दिन तक पूजन अर्चन करने के पश्चात फ्रीगंज क्षेत्र, गौशाला, सिंधी कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में बोए गए ज्वारों की सामूहिक शोभा यात्राएं शीतला माता मंदिर तक निकाली गईं। नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकले जुलूस का शीतला माता मंदिर के पीछे स्थित पाराशरी नदी के घाट पर तथा बेतवा नदी घाट पर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करने के पश्चात विसर्जन किया गया। वहीं नगर सहित ग्रामीण अंचलों के झांकी उत्सव समितियों द्वारा झांकियां लगाई थीं। वहां पर हवन, पूजन एवं भण्डारे के आयोजन हुए। वहीं नगर सहित ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं द्वारा भी अपने घरों में नौ दिनों तक माता रानी की विधि विधान से पूजन अर्चन की गई। इसके बाद कन्या पूजन, कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान छोटी-छोटी कन्याओं के पैर पूज कर, रोली, तिलक कर उन्हे श्रद्धानुसार भेंट दी एवं उनसे आशीर्वाद लिया। मंगलवार को दशहरा के दिन भी नगर सहित ग्रामीण अंचलों में घरों, झांकी स्थलों एवं मंदिरों में कन्या भोज एवं भण्डारे का आयोजन किया जाऐगा। जिसकी तैयारियों में श्रद्धालुगण जुटे हुए हैं। जबकि शाम से प्रतिमा विसर्जन होगा।

पूर्व विधायक ने बांटे प्रतिभागियों को पुरस्कार



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 2 फ्री गंज स्कूल के सामने लगी देवी मां की झांकी में सोमवार को नवमी के अवसर पर हवन पूजन हुआ। जिसमें पूर्व विधायक निशंक जैन, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, रविन्द्र शुक्ला, डॉ एके रोहले, भगवत चतुर्वेदी, गुड्डू नायक आदि अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने देवी मां की आराधना के साथ ही पिछले दिनों झांकी पंडाल में आयोजित गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां देने वाली बालिकाओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर पं सुनील शास्त्री, दीपक नायक, संजय चौबे, आशीष सेन सहित झांकी संचालक राजेन्द्र सेन रानू, बलराम सेन, कार्तिक द्विवेदी,याशिका सेन, नेहा सेन एवं अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

रबी फसल की तैयारियां शुरु किसान जुटे खेत तैयार करने



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



विकासखंड में खरीफ फसलों की कटाई सोयाबीन, उड़द आदि से निपटने के बाद किसान अब रबी फसल की बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं। क्षेत्र में सोयाबीन और उड़द की कटाई पूरी हो चुकी है, जबकि धान की कटाई का कुछ काम अभी बाकी है। किसान ट्रैक्टर से खेतों की बखरनी कर रहे हैं, इसके साथ ही बुवाई से पहले खेतों में पलेवा भी किया जा रहा है। कई किसान पाइप के जरिए खेतों में पानी छोड़कर तैयारी कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि धान की कटाई का कुछ काम अभी शेष है। इलाके के किसानों का कहना है कि अगर आगामी दिनों में बारिश हो जाती है तो पलेवा के खर्च में बचत होगी और खेतों को भी फायदा मिल सकता है। कृषि विभाग के अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने बताया कि रबी फसलों की बुवाई के लिए अक्टूबर और नवंबर का समय उपयुक्त रहता है। जिसको ध्यान में रखते हुए किसान बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं।

नगरपालिका सफाई अमले ने की रामलीला मैदान की साफ-सफाई





गंजबासौदा। सोमवार को नगरपालिका सीएमओ अशोक वर्मा के निर्देशन में नगरपालिका सफाई कर्मियों ने दशहरा मैदान पहुंचकर साफ, सफाई की। इस दौरान नपा सीएमओ ने सार्फ, सफाई कार्य निरीक्षण किया। इस दौरान नपा अधिकारी, कर्मचारी और सफाई अमला मौजूद रहा। यहां उल्लेखनीय है कि दशहरा पर्व का मुख्य आयोजन नवीन बस स्टेण्ड स्थित श्रीराम लीला मेला ग्राउण्ड परिसर में होता है। जिसकी तैयारियां नपा द्वारा पूर्व से की जा रही हैं।

जैन मिलन की क्षेत्रीय बैठक में तीन नई शाखाओं का हुआ गठन



गंजबासौदा। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 की द्वितीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को भगवान महावीर विहार में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक एकता, सेवा गतिविधियों और भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धि तीन नई शाखाओं का गठन रहा, जिनके माध्यम से शिक्षा, जीवदया और युवाओं की सहभागिता को नई दिशा देने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जैन मंत्री ने की। कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ संरक्षक विजय कुमार जैन तथा राष्ट्रीय मंत्री नरेश चंद जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रणय जैन ने आयोजन की व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में अनेक स्थानों से लगभग 200 वीर एवं वीरांगनाओं ने सहभागिता की। विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता, सक्रियता और सामाजिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। बैठक में संगठन को अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने की दिशा में तीन नई शाखाओं का गठन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे वीर एवं वीरांगनाओं ने बैठक में सहभागिता कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजन के माध्यम से संगठन की एकजुटता और समाजहित में कार्य करने की भावना को और मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अतुल जैन बजाज ने सभी अतिथियों, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों, विभिन्न शाखाओं से आए प्रतिनिधियों तथा उपस्थित वीर-वीरांगनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

बच्चों ने बिखेरी विविधता में एकता की छटा

कौटिल्य गुरुकुलम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

चार खंबा वाली गली, वार्ड नंबर 6 स्थित शिक्षण संस्थान कौटिल्य गुरुकुलम में भव्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य थीम देश की संप्रभुता और सांस्कृतिक विविधता पर आधारित रही। देशभर की संस्कृतियों का सजीव मंचन प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी भारत के विभिन्न राज्यों जैसे कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, बंगाल आदि की पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए। बच्चों ने न केवल आकर्षक परिधान पहने, बल्कि उन राज्यों की बोलियों, लोकनृत्यों और प्रसिद्ध संवादों की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर पूरे विद्यालय परिसर को मिनी भारत में तब्दील कर दिया। बच्चों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'एक भारत, एकजुट भारत' का संदेश रहा। वेशभूषा और प्रस्तुतियों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि भाषा, वेशभूषा और खान-पान में भिन्नता होने के बावजूद हम सभी भारतीय एक सूत्र में बंधे हैं। सभी उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने देश की अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के डायरेक्टर केएस यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर उन्हे संबोधित किया। विद्यालय की काउंसलर संघमित्रा यादव ने उपस्थित बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हम विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। कभी भी आवश्यकता पड़ने पर पालक हम से स्वयं मिल सकते हैं और समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और उनकी कड़ी मेहनत की मुक्तकंठ से सराहना की। बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि विविधता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत और पहचान है। जब बच्चे इस तरह के मंचों पर देश के अलग-अलग राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो वे किताबों से परे जाकर भारत की आत्मा को समझते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के समग्र विकास और उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने के लिए बेहद जरूरी हैं।

मंच गौमय दीपक, पटाखे वितरित कर मनाएगा दीवाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक व अखिल भारतीय मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की प्रेरणा से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संयोजक दादू खान जोया के दिशा-निर्देशन में देश के साथ साथ जिला गंजबासौदा के दलित आदिवासी, पिछड़े वर्ग के निर्धन गरीब एक सौ एक परिवारों में दीवाली की खुशिया रोशन करेगा, गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया मंच हर साल विभिन्न पर्व त्यौहारो को गरीब दलित, आदिवासियों की बीच मनाता आया है। इस वर्ष भी कामधेनु दीपावली मनाने व संघ शताब्दी वर्ष पर एक सौ एक घरों में गौमय दीपकों से रोशनी कर दीपावली की खुशिया बाटेगा। इसी के साथ विदेशी सामान मुक्त स्वदेशी अपनाओ अमरीकी सामान व चीनी लाइट झालर के बॉयकॉट की मुहिम भी लगातार चलाई जा रही है। इसी के साथ विभिन्न दरगाह मजारों पर दिया रोशन कर जश्न ऐ चिरागा पर्वाधिराज महापर्व दीपावली का आगाज करेगा। विकसित भारत के लिये राष्ट्रीय एकता सबसे जरूरी है। आपस में बंट गये तो चीन, पाकिस्तान, आंतरिक आतंकवादी, अर्बन नक्सली आतंकवाद और दाउद कंपनी जैसे आतंकवादी देश के दुश्मन इसका फायदा उठाते रहेंगे। समाजसेवी फेरन सिंह, चतर सिंह लोधी ने कहा कुछ लोग है जो चाहते है, देश में महिषासुर, कंस, रावण जैसे असुर राक्षस पूजे जाये। लेकिन हम अपनी एकता अखंडता से रामराज्य बनायेंगे, रावण केवल एक नाम नहीं विकृत मानसिकता है एक असुरी विचारधारा है।

जो भी व्यक्ति रावण को फालो करता है, निश्चित ही उसके मन में किसी सीता हरण की कामना रहती होगी। काजी सैयद शोएब हुसैन ने कहा जब देश की बात हो तो सभी की एक आवाज ही होना चाहिये । मंच ने आह्वान किया पाच दिया अधिक जलाईये एक सामने, एक दाई, एक बाई, एक पीछे वाले मकान, एक दिया शहीदों के नाम जरूर रखिये।

खबर संक्षेप

दुष्कर्म के आरोपी को जयपुर से किया गिरफ्तार

विदिशा। नटेरन पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू बंजारा को 48 घंटे के अंदर जयपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है। फरियादिया ने 16 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 सितंबर को गांव के पास खेत में आरोपी ने उसे पकड़कर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन और एएसपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने साइबर सेल की मदद से तकनीकी जानकारी जुटाकर 19 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

देवी जागरण भजन संध्या आज सजेगी

कुरवाई। नगर के शंकराचार्य मंच स्थित मुरलीधर मंदिर प्रांगण में 20 अक्टूबर की रात 8 बजे से भव्य देवी जागरण एवं श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा। लकी फ्रेंड सर्किल के तत्वावधान में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में मां भगवती की पूजा-अर्चना के बाद भजन गायिका कृपा पटेल, निम्मी पंचाल, सचिन शर्मा और पवन सेन भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में पारंपरिक गरबा और आकर्षक झांकियां भी सजाई जाएंगी। आयोजक समिति ने ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

महाकाल अखाड़े में अस्त्र-शस्त्र पूजन आज

विदिशा। महाकाल अखाड़ा छाल दिवाली में विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार सुबह 9 बजे से अस्त्र-शस्त्र पूजन किया जाएगा। अखाड़े के उस्ताद खेचमंद अहिरवार ने बताया कि पूजन के बाद अखाड़े के सभी पहलवान उस्ताद की देखरेख में अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान पहलवान अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता पहलवान को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य अखाड़े की परंपराओं को बनाए रखना और पहलवानों को प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है।

रावण बाबा मंदिर में आरती और भंडारा आज

विदिशा। रावन गांव में परंपरा के अनुसार मंगलवार को रावण बाबा मंदिर में धार्मिक आयोजन होगा। दोपहर 12 से 1 बजे तक महाआरती की जाएगी। इसके बाद 12 फीट लंबी लेटी हुई पाषाण प्रतिमा की विशेष पूजा-अर्चना कर नाभि में तेल अर्पित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से भंडारा होगा, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु महाप्रसादी ग्रहण करेंगे।

अखंड रामायण पाठ के समापन पर हुआ यज्ञ

ग्यारसपुर। नगर में शारदीय नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नवमी पर मंदिरों और झांकी पंडालों में पूजा-अर्चना के बाद यज्ञ आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मां बीजासन देवी पहाड़ों वाली मैया के दरबार में 40 वर्षों से चली आ रही अखंड रामायण पाठ की परंपरा के तहत पाठ का समापन हुआ। इसके बाद विधिवत यज्ञ और विशाल नगर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। नवरात्रि पर जवारे निकाले गए और श्रद्धालुओं ने जुलूस के साथ मानसरोवर तालाब में उनका विसर्जन किया।

जैन कॉलेज में होगा 35 फीट के रावण का दहन, होगा अतिशबाजी का मुकाबला

जानकी कुंड पर प्रतिमा विसर्जन की तैयारी परखने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। जानकी कुंड पर दुर्गा विसर्जन की तैयारियों की जांच करते कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी।

दुर्गा उत्सव के चल समारोह की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जैन कॉलेज में 35 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा।

भगवान राम का भव्य चल समारोह प्रधान संचालक पंडित चंद्रकिशोर शास्त्री के निवास विश्वनाथ शास्त्रीपुरम चौपड़ा से शाम 4 बजे से निकाला जाएगा। जिसमें भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी महाराज की पालकी शामिल होगी।

इधर पेढ़ी चौराह पर राजपूत समाज का जुलूस शामिल होगा। राजा अनिरुद्धासिंह जी के नेतृत्व में अंदरर किला हाथी हवेली से राजपूत सरदारों द्वारा दशहरा उत्सव का जुलूस निकाला जाएगा। जैन कॉलेज दशहरा मैदान पहुंचकर जुलूस का समापन होगा। जहां राम और रावण के बीच युद्ध होगा। यह दृश्य देखने के लिए शहर से बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचेंगे। पंडित मनोज शास्त्री राम और रावण के बीच चलने वाले युद्ध का संवाद प्रस्तुत करेंगे। युद्ध में भगवान राम की विजय होने पर राजपूत सरदारों द्वारा शमी पूजन किया जाएगा।

इसके पहले दशहरा मैदान पर आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन होगा। राधौगढ़ के प्रदीप मेर, भोपाल के सुरेश साहू और विदिशा के अग्रवाल इंटरप्राईजेज के बीच आतिशबाजी का मुकाबला होगा। इसके बाद भोपाल निवासी संजय साहू द्वारा बनाए गए 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इधर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने जानकी कुंड पहुंचकर विसर्जन स्थल और आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात, रोशनी और आपातकालीन संसाधनों की उपलब्धता का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को समय रहते सभी इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए। जानकी कुंड में प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित गोताखोर और छोटी नावों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। हाइड्रा और जेसीबी मशीनें भी मौके पर उपलब्ध रहेंगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद मिल सके। संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी और जिम्मेदारियां भी पहले ही तय की जाएं, जिससे जरूरत के समय कार्रवाई में देरी न हो।

भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

विसर्जन के दौरान यातायात पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। एसपी रोहित काशवानी ने प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए तीन स्तरीय व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। इसके तहत यातायात डायवर्जन, बैरिकेडिंग और निगरानी व्यवस्था प्रभावी रखी जाएगी।

बिजली व्यवस्था की जांच के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विसर्जन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहे। विद्युत व्यवस्था की पहले से जांच की जाए और किसी व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक इंतजाम भी तैयार रखे जाएं। अंधेरा होने या बिजली बाधित होने से सुरक्षा संबंधी समस्या नहीं होनी चाहिए। एसपी ने कानून-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और आपात स्थितियों से निपटने के इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने विसर्जन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने और पूरे क्षेत्र में लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

पति ने पत्थर से हमला कर पत्नी के तोड़े दांत सिर-चेहरे पर भी चोटें



विदिशा। घायल महिला का जिला अस्पताल में किया गया प्राथमिक उपचार।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा के मेडिकल कॉलेज में बेटी के इलाज के दौरान पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि पति मोहन सिंह ने पत्नी के सिर और चेहरे पर पत्थर से हमला कर दिया। महिला के सिर पर गहरा घाव आया, जबकि चेहरे और होंठ पर भी चोट लगी। डॉक्टर के मुताबिक, महिला के दांत भी टूट गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉक्टर मोहित मांझी ने बताया कि महिला का मेडिकल परीक्षण और उपचार जारी है। लटेरी तहसील के लाखाखेड़ी निवासी मोहन सिंह की 12 वर्षीय बेटी मेडिकल कॉलेज में भर्ती थी। मोहन सिंह ने बताया कि बेटी की बीमारी के चलते खर्च बढ़ गया था। वह मजदूरी करने जाना चाहता था। इसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ। उसने स्वीकार किया कि परेशान होकर उसने पत्नी को पत्थर मार दिया। हालांकि विवाद के कारणों और उसके आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर में आज दो पथ संचलन निकलेंगे

विदिशा। विजय दशमी के पर्व पर आज मंगलवार सुबह 8.30 बजे मुखर्जीनगर स्थित भगत सिंह पार्क और दूसर गल्ला मंडी से संचलन निकाला जाएगा। संचलन गल्ला मंडी से प्रारंभ होगा। बरईपुरा, रीठाफाटक, बजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक से माधवगंज होते हुए बरईपुरा से मंडी पहुंचेगा। दूसरा संचलन आरटीओ कार्यालय, खाई पेड़ी स्कूल, गर्ल्स स्कूल डंडापुरा, होते हुए गुलाब बाटिका, शास्त्री नगर होते हुए समापन होगा।

विदेश सेवा के अधिकारियों ने जानी विदिशा की शैक्षणिक, औद्योगिक और ऐतिहासिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक दुबे और शुचिता किशोर ने सोमवार को विदिशा जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, कृषि आधारित उद्योग और ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित सशक्त वाहिनी कोचिंग कक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं की अध्ययन रणनीति और भविष्य की योजनाओं की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पण, आत्मविश्वास और निरंतर अध्ययन को सफलता का आधार बताया। इसके बाद अधिकारियों ने कृषि आधारित उद्योग का अवलोकन कर उत्पादन प्रक्रिया, स्थानीय कृषि उपज के उपयोग, मूल्य संवर्धन और रोजगार की संभावनाओं को समझा। उन्होंने उदयगिरि गुफाओं का भ्रमण कर प्राचीन शिल्पकला और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की। यह भ्रमण अधिकारियों के लिए विदिशा की शैक्षणिक पहल, कृषि आधारित उद्यमों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का अवसर रहा।

मरीजों और अटेंडेंट को बेहतर सुविधाएं देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। बैठक के दौरान निर्देश देते हुए कलेक्टर।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को जिला चिकित्सालय के सभागार में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंध में निर्णय लिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मरीजों के साथ उनके परिजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाओं में सुधार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक व्यवस्थाएं समयसीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति की आय-व्यय संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही उपलब्ध संसाधनों, किए गए खर्च और आगामी आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की स्थिति भी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताई गई। इसमें पूरे हो चुके कार्यों और शेष कार्यों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने अस्पताल में स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण बनाए रखने के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, चिकित्सक, समिति सदस्य, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

छात्राओं ने कीं शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियां

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में 17 अक्टूबर तक चले सेवा संकल्प अभियान का समापन हुआ। विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित अभियान में शैक्षणिक, सामाजिक गतिविधियों, कार्यशालाओं, जागरूकता कार्यक्रमों और नवाचारों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन और नोडल अधिकारी डॉ. विनीता प्रजापति के निर्देशन में हुआ। डॉ. प्रजापति ने अभियान की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. अहिरवार ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मेहनत जरूरी है।

चलती बाइक से कूदी बुजुर्ग महिला गंभीर घायल, भर्ती

विदिशा। रायसेन जिले के पग्नेश्वर गांव के पास एक बुजुर्ग महिला चलती बाइक से कूदने के कारण घायल हो गईं। उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पहले सांची अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी हालत को देखते हुए विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। जानकारी मिली है कि ढकना निवासी 55 साल की लक्ष्मीबाई खेत से लौट रही थीं। वह किसी व्यक्ति की बाइक पर बैठकर घर आ रही थीं। इसी बीच पगनेश्वर के पास उन्होंने गाड़ी रोकने से पहले ही चलती बाइक से छलांग लगा दी। घटना के बाद परिजन उन्हें सांची अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें विदिशा जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में घायल महिला के साथ उनके दामाद लेखराम मेहरा मौजूद थे। उन्होंने बताया कि लक्ष्मीबाई घर लौटते समय घायल हुईं। महिला ने चलती बाइक से छलांग क्यों लगाई, इसका कारण अभी साफ नहीं है।

577 ग्राम पंचायतों में 21 अक्टूबर से लगेंगे जनसुरक्षा शिविर

विदिशा। जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों में 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक जनसुरक्षा योजनाओं का संतृप्ति अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान के तहत पात्र नागरिकों को बीमा, पेंशन और बैंकिंग सेवाओं का लाभ दिलाया जाएगा। अभियान का शुभारंभ 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे पंजाब नेशनल बैंक के कृषक प्रशिक्षण केंद्र, इदगाह चौराहा पर होगा। इसके बाद ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जन-धन और मुद्रा योजना से जुड़ने की जानकारी दी जाएगी।

मोडिफाइड साइलेंसर लगाने पर 3 हजार रुपए जुर्माना वसूला

विदिशा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मोडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्रवाई की। पुलिस ने वाहन चालक अनुज यादव (19), निवासी सुभाष नगर, थाना सिविल लाइन से 3 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर और अन्य उपकरणों का उपयोग करने की अपील की। साथ ही यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की समझाइश दी। शहर में कई बुलेट में मोडिफाइड सिलेंडर लगे हुए हैं।

गांधी प्रतिमा पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई



कुरवाई। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी कुरवाई द्वारा मेन बाजार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के आव्हान पर वोट बचाओ - देश बचाओ अभियान के अंतर्गत शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। गांधी जी की प्रतिमा के नीचे बैठकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस दौरान वोट चोरी की नीति एवं लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप स बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया।

युवाओं को संगठन से जोड़ने की बनाई रणनीति पालक महासंघ और विद्यार्थी परिषद मिलकर चलाएंगे महा सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭बरखेड़ा जागीर



पालक महासंघ मध्यप्रदेश और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

प्रदेशभर से आए प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में महा सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। युवाओं, विद्यार्थियों और पालकों को संगठन से जोड़ने के लिए अभियान को घर-घर और कॉलेजों तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही जिला और संभाग स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों की समस्याओं, पालकों के अधिकारों और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने महा सदस्यता अभियान को सफल बनाने और अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया।





आज मनेगी विजयादशमी, 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन



शहर के मुख्य मार्गों से निकालेंगे जय महावीर की शोभायात्रा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह होंगे कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व आज मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा मैदान पर भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान शामिल होगें। इस गरिमामय आयोजन में 35 फीट ऊंचे अहंकारी रावण के पुतले का दहन, रामलीला मंचन और जय रघुवीरझजय महावीर का मुखौटा प्रमुख आकर्षण रहेंगे। दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर समिति द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, श्री हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्षों सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।

20 साल के गोविंद धारण करेंगे 40 किलो वजनी जय महावीर का मुखौटा



बीते 72 साल से निभाई जा रही यह अनूठी परंपरा

शहर की अनोखी परंपरागतानुसार इस वर्ष गोविंद यादव श्री महावीर का 40 किलो वजनी मुखौटा धारण करेंगे। यह परंपरा कई दशकों से चली आ रही है। मुखौटे की शोभायात्रा शहर के बावड़ीपुरा श्रीहनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर लगभग 7 किलोमीटर के फांसले से दशहरा मैदान पहुंचती है। जहां श्रीराम- रावण युत्र के मंचन में जय महावीर शामिल होंगे। जय रघुवीर जय महावीर समिति ने बताया कि जय महावीर जी का मुखौटा धारण करने के लिए पर्ची के माध्यम से चयन किया जाता है। चयनित साधक को 40 दिन की कठोर साधना और ब्रम्हचर्य का पालन करना होता है। इस वर्ष दशहरे पर्व पर भगवान जय महावीर का मुखौटा वार्ड 8 ठाकुर मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय गोविंद यादव धारण करेंगे। जय महावीर की भव्य शोभायात्रा देखने के लिए बड़ी संख्या में

दशहरा पर्व व रामलीला के समापन पर निकालते शोभायात्रा

रायसेन जिले में यह परंपरा दो अवसरों पर निभाई जाती है। पहली शोभायात्रा दशहरे के दिन रावण दहन के अवसर पर निकाली जाती है। वहीं दूसरी शोभायात्रा वार्षिक श्री रामलीला मेले के समापन पर आयोजित होती है। दोनों ही अवसरों पर हनुमान जी के रौद्र रूपी मुखौटे के साथ निकलने वाली शोभायात्रा लोगों के लिए विशेष आकर्षण रहती है।

माखनी तालाब में होगा बड़ी दुर्गा काली की प्रतिमाओं का विसर्जन

जाखा और पगनेश्वर घाट बेतवा नदी में जलस्तर कम होने के कारण बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन माखनी तालाब में निर्धारित किया गया है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैनात रहेगा।

एक साथ उठी पिता और दोनों बेटों की अर्थियां, हर आंख हुई नम

मौत की गुल्थी सुलझाने में जुटी पुलिस, बच्चों की गर्दन पर मिले गला घोंटने जैसे निशान

बेटों को फिल्म दिखाने के बहाने ले गए थे पिपरिया वहीं दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बरेली

जिले के अलीगंज गांव में सोमवार को ऐसा हृदयविदारक दृश्य सामने आया, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं, जब पिता और दोनों मासूम बेटों की अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरा गांव में डूब गया। इस दर्दनाक घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका है। बच्चों की गर्दन पर गला घोंटने के निशान मिले हैं, पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही हैं। पीएम रिपोर्ट आने पर ही कुछ और खुलासा हो सकता है। पुलिस को परिजनों से मिली शुरुआती जानकारी के अनुसार, अजय धाकड़ अपने दोनों बेटों को फिल्म दिखाने के बहाने अलीगंज से पिपरिया लेकर गए थे। इसके बाद तीनों की मौत की खबर सामने आई। वहीं मृतक अजय की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि रविवार को जिले के बरेली थाना क्षेत्र के अलीगंज निवासी पटवारी 45 वर्षीय अजय धाकड़ ने अपने दोनों बेटों समर्थ (13) व शिवम (9) की गला घोंट कर हत्या कर दी थी, जिसके बाद खुद ने भी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। अजय धाकड़ उदयपुरा तहसील के छातेर क्षेत्र में पटवारी के पद पर पदस्थ था। नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में हुई इस घटना में दोनों बच्चों की



मृतक अजय धाकड

मौत के कारणों और अजय की मौत की परिस्थितियों को लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में बच्चों की गर्दन पर गला घोंटने जैसे निशान मिलने की बात सामने आई है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

रेलवे ट्रैक पर मिला अजय का क्षत-विक्षत शव

पुलिस के अनुसार, पिपरिया रेलवे स्टेशन की पार्किंग से दोनों बच्चों के शव बरामद किए गए थे। वहीं, रेलवे ट्रैक से पटवारी अजय धाकड़ का क्षत-विक्षत शव मिला था। शुरुआती आशंका है कि बच्चों की हत्या के बाद अजय ने ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच में जुटी है।

मनोरोग डॉक्टर से अजय का चल रहा था इलाज

परिजनों ने पुलिस को बताया कि अजय का पिछले करीब 6 महीने से भोपाल के एक मनोरोग चिकित्सक के यहां इलाज चल रहा था। वहीं अजय धाकड़ के मित्रों के मुताबिक, वह पिछले पांच-छह महीने से डिप्रेशन की समस्या से जूझ रहे थे और भोपाल में उनका इलाज चल रहा था। मित्रों से अजय अक्सर कहता था कि किसी भी काम में मन नहीं लगता, यहां तक कि नौकरी में भी रुचि नहीं है। पिछले दो-तीन महीने से वह काफी गुमसुम रहने लगा था। पुलिस घटना से पहले की परिस्थितियों और परिवार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी जुटा रही है।

पार्किंग के सीसीटीवी फुटेज भी जांच के दायरे में

घटना से जुड़े पिपरिया रेलवे स्टेशन की कार पार्किंग के सीसीटीवी फुटेज भी जांच के दायरे में हैं। पुलिस फुटेज के माध्यम से तीनों की गतिविधियों, घटनास्थल तक पहुंचने और घटनाक्रम से जुड़ी परिस्थितियों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

इनका कहना है

सोमवार को पिपरिया सामुदायिक अस्पताल में तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। परिजन तीनों के शव लेकर पैतृक गांव अलीगंज पहुंचे, जहां एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

आदित्य सेन, थाना प्रभारी, पिपरिया

मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ नवरात्रि का समापन

आज निकालेंगे प्रतिमाओं का चल समारोह दशानन दहन के बाद करेंगे विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



नवरात्रि के नवम दिवस सोमवार को नगर सहित क्षेत्र में मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना श्रद्धा और विधि-विधान के साथ की गई। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना में लीन रहे भक्तों ने पंडालों में दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कई दुर्गा उत्सव समितियों ने मंत्रोच्चार के बीच हवन आयोजित कर पूर्णाहुति दी। नवरात्रि के अंतिम दिन देवी पंडालों में सुबह से देर रात तक धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा।

दशहरा मैदान पर होगा रावण दहन विजयादशमी पर मंगलवार दोपहर दशहरा मैदान में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। नगर के विभिन्न पंडालों में विराजित देवी प्रतिमाओं का चल समारोह निकलेगा। नगर भ्रमण के बाद चल समारोह सांदीपनि स्कूल परिसर पहुंचेगा, जहां देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा। देवी जागरण के समापन के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। सांदीपनि स्कूल परिसर में आयोजित देवी जागरण में भजन गायक नंदू ताम्रकार, प्रियवदा तिवारी और संयुक्ता तिवारी देवी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन में श्रद्धालु देर तक भक्ति गीतों का आनंद लेंगे। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि जनपद पंचायत अध्यक्ष ठाकुर तरुवर सिंह राजपूत विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

बाड़ी में मां हिंगलाज का पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



ऐतिहासिक नगर बाड़ी में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां हिंगलाज दुर्गा उत्सव समिति द्वारा सजाया गया भव्य एवं आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। पुरानी तहसील कार्यालय एवं स्वराज शोरूम के पास स्थापित माता रानी की दिव्य एवं मनमोहक प्रतिमा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। समिति द्वारा पंडाल को विशेष विद्युत साज-सज्जा, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से भव्य स्वरूप दिया गया है। रात्रि के समय जगमगाती रोशनी के बीच माता रानी का अलौकिक स्वरूप श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। कलाकारों की उत्कृष्ट कलाकारी से निर्मित मां दुर्गा की प्रतिमा अपनी सुंदरता और भव्यता के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पंडाल में प्रतिदिन सुबह-शाम माता रानी की महाआरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। आरती के दौरान माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए मां हिंगलाज दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। माता रानी की दिव्य प्रतिमा भव्य पंडाल और मनमोहक रोशनी ने इस आयोजन को नगर के प्रमुख धार्मिक आकर्षणों में शामिल कर दिया है।

पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की

टोकरी में जवारे लेकर विसर्जन के लिए निकलीं कन्याएं, महिलाओं ने गाए जस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शारदीय नवरात्रि के समापन पर महानवमी सोमवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जवारे विसर्जन के चल समारोह ढोल नगाड़ों के बीच निकाले गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। चल समारोह में बच्चियां महिलाएं टोकरी में जवारे लेकर निकलीं, वहीं महिलाएं माता रानी के जस गाते हुए भक्ति में लीन नजर आईं। रायसेन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस साल भी जवारों का चल समारोह निकाला गया।

समारोह मुख्य बाजार से शुरू होकर मिश्र तालाब घाट पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी को जवारे अर्पित करते हुए जल में विसर्जित किए। चल समारोह में डीजे और ढोल की धुन पर बच्चे युवक नाचते-गाते चल रहे थे। महिलाएं सिर पर जवारे लेकर चल रही थीं, जबकि अन्य महिलाएं माता रानी के भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना रही थीं। नगर के दुर्गा चौक, नरापुरा, मालीपुरा, कलईपुरा, अवंतिका कॉलोनी, तजपुरा, पाटनदेव, गंज बाजार मार्ग क्षेत्र से भी जवारों का चल समारोह निकाला गया। मिश्र तालाब घाट जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी को जवारे अर्पित किए। जवारे पूजन और विसर्जन की परंपरा निभाई गई।

समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक हैं जवारे

शारदीय नवरात्रि पर्व में श्रद्धालु घरों और मंदिरों में जौ बोकर नौ दिनों तक माता रानी की कठिन उपासना आराधना करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार जवारे उर्वरता, समृद्धि और नई शुरुआत के प्रतीक माने जाते हैं। नवरात्रि के समापन पर इन्हें श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया जाता है। पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा राजेंद्र प्रसाद दुबे के अनुसार, नवरात्रि में जवारे निकालने का विशेष धार्मिक महत्व है। जवारों की अच्छी वृद्धि को माता रानी की कृपा और शुभता से जोड़कर देखा जाता है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने माता रानी से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री शस्त्र पूजन कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायसेन। स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल आज विजयादशमी पर्व पर सुबह 11 बजे रायसेन पहुचेंगे तथा यहां पुलिस लाईन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत वह दोपहर 12 बजे रायसेन से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे बरेली पहुचेंगे तथा यहां बरेली और उदयपुरा क्षेत्र में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

हिंगलाज मंदिर में कराया भंडारा, 1100 ने प्रसादी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



माँ हिंगलाज मंदिर परिसर में नवरात्रि के पावन अवसर पर नवयुवक कल्याण संगठन द्वारा वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। वर्ष 2021 से निरंतर आयोजित हो रहे इस धार्मिक आयोजन में लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर माँ जगत जननी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में संगठन के सदस्यों ने तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया। सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और सेवा एवं सहयोग की भावना देखने को मिली। नवयुवक कल्याण संगठन द्वारा प्रतिवर्ष इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। संगठन के सदस्यों ने भंडारे की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता निभाई तथा श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी सहयोगकर्ताओं, श्रद्धालुओं और आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।संगठन ने माँ हिंगलाज से सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए भविष्य में भी धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

अंबाडी में नौ दिन तक माता रानी की पूजा-अर्चना की

गाजे-बाजे से निकाले जवारे, मां के जयकारे गूंजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



शारदीय नवरात्र के समापन पर ग्राम अंबाडी में नौ दिनों तक माता रानी की पूजा-अर्चना के बाद नवमी पर गाजे-बाजे के साथ ज्वारे यात्रा निकाली गई। जवारा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं ने माता के भजन गाते हुए यात्रा में भाग लिया, वहीं कई महिलाओं ने सिर पर खप्पर रखकर भाव खेले और अपनी श्रद्धा प्रकट की। नवरात्र के प्रथम दिन से ही माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। गांव में जवारे बोए गए थे, जिनकी पंडों ने नौ दिनों तक उपवास रखकर विधि-विधान से सेवा-पूजा की। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन माता की आराधना, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन किए गए। नवमी पर मां आदिशक्ति के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री का विधि-विधान से पूजन किया गया। अंबाडी सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार और हरिओम साहू द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद शाम करीब पांच बजे अंबाडी के प्रमुख मार्गों से ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ जवारा यात्रा निकाली गई। गांव के मुख्य मार्गों से गुजरने के बाद जवारों का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

अर्णव का असरः 40 किमी की रफ्तार से चली हवा, मौसम ने लिया यू-टर्न

रायसेन। जिले में मौसम ने एक बार फिर यू-टर्न ले लिया है, चक्रवाती तूफान अर्णव के असर से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। तेज हवाओं के चलते तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। आसमान में बादलों ने डेरा जमा लिया है। वहीं करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने लोगों को मौसम में बदलाव का अहसास कराया। मौसम के इस बदले मिजाज से दशहरा पर्व के आयोजन पर भी बारिश का खतरा मंडराने लगा है। यदि मौसम ऐसा ही बना रहा तो रावण दहन के पुतले कार्यक्रम में खलल पड़ सकता है। मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर का कहना है कि मौसम में आए बदलाव के कारण दिनभर आसमान में



बादलों की आवाजाही बनी हुई है। तेज हवा के चलते लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन बादलों की मौजूदगी ने बारिश की आशंका भी बढ़ा दी है। मौसम के इस बदले रुख से किसानों और आम नागरिकों की चिंता बढ़ सकती है। खासकर खुले मैदानों में होने वाले धार्मिक और धार्मिक श्रीराम लीला के आयोजन सहित सांस्कृतिक आयोजनों पर मौसम का असर पड़ने की संभावना है।